## अभिनंदन







भारत सरकार के राज्यसभा सांसद (मध्य प्रदेश) आदरणीय भाई साहब श्री सुमेर सिंह सोलंकी जी से इंदौर प्रवास पर
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
के प्रधान और प्रबंध संपादकद्वय श्री पुष्पेन्द्र पुष्प - श्री महेंद्र पालीवाल ने भेंट कर पुष्पगुच्छ के साथ अभिनंदन किया एवं अखबार एवं चैनल के आगामी विस्तार एवं
आदिवासी क्षेत्र में जनजागरण
के लिए हमारे सूत्रात्मक लक्ष्य
सतर्क रहे सजग रहे अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही इस अवसर पर हाईकोर्ट एडवोकेट अभिषेक दुबे, अधिवक्ता एवं बीजेपी जिला मंडल अध्यक्ष अजय यादव, अधिवक्ता विजय शाकाल्य ने भी मुलाकात कर के सांसद महोदय को स्मृतिचिन्ह भेंट किया।


महामंत्र जोई जपत महेशू । काशी मुकुती हेतु उपदेशू ।।
मन्त्र महामनि विषय व्याल के । मेटत कठिन कुअंक भाल के ।।
|| Ram Katha 960 - *मानस महामंत्र || Davos ( Switzerland) || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 14 | इंदौर, शनिवार 26 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


### मप्र पर्यटन को मिलेगी नई दिशा

# रीवा में कल से शुरू होगा 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव', CM डॉ. यादव करेंगे उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के पर्यटन को नई ऊंचाई देने और विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचान दिलाने के उद्देश्य से 26 एवं 27 जुलाई को रीवा में दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 जुलाई को रीवा के कृष्ण राज कपूर ऑडिटोरियम में करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला, प्रसिद्ध अभिनेता मुकेश तिवारी और पंचायत वेबसीरीज की अभिनेत्री सान्विका सिंह विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के हितधारकों को एक मंच पर लाकर निवेश, डिजिटल नवाचार, ग्राम पर्यटन और सांस्कृतिक साझेदारियों को बढ़ावा देने का मंच बनेगा। कार्यक्रम में वाइल्डलाइफ और ऑफबीट डेस्टिनेशनों पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां और योजनाएं प्रदर्शित होंगी। कॉन्क्लेव के पहले दिन छह प्रमुख निवेशकों को होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस और



ईको-टूरिज्म परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड (LoA) प्रदान किए जाएंगे। इसमें मंदसौर, धार, रायसेन, विदिशा, जबलपुर और अलीराजपुर जिलों में निवेश प्रस्तावित हैं।

### रायसेन में रिसोर्ट, अलीराजपुर में वेलनेस सेंटर विकसित करेंगे

प्रखर पाव द्वारा मंदसौर के गांधी सागर क्षेत्र में ईको-टूरिज्म और धार के हेमाबर्डी क्षेत्र में मिनी रिसोर्ट स्थापित किए जाएंगे। सिद्धार्थ सिंह तोमर रायसेन में 5 करोड़ के निवेश से होटल/रिसोर्ट स्थापित करेंगे। कैलाश फुलवानी विदिशा में 3 करोड़, रितु यादव (अफोर्ड मोटर्स जबलपुर) जबलपुर के नन्हाखेड़ा क्षेत्र में 1 करोड़ और आनंद ताम्रकार (पुष्पा इंटरप्राइजेस) अलीराजपुर के जूनाकट्ठीवाड़ा क्षेत्र में 1 करोड़ के निवेश से रिसोर्ट और वेलनेस सेंटर विकसित करेंगे। इन परियोजनाओं से स्थानीय समुदाय को रोजगार मिलेगा और पर्यटन की स्थायित्वपूर्ण वृद्धि होगी।

### श्री पर्यटन वायु सेवा की बुकिंग अब IRCTC पोर्टल पर

पर्यटन विभाग द्वारा संचालित PM श्री पर्यटन वायु सेवा की बुकिंग अब IRCTC पोर्टल पर भी की जा सकेगी। अभी तक यह सेवा केवल www.flyola.in के माध्यम से उपलब्ध थी। इस नई सुविधा से भोपाल, इंदौर, रीवा, सतना और सिंगरौली जैसे शहरों के बीच हवाई कनेक्टिविटी में विस्तार होगा और दूरस्थ क्षेत्रों को भी पर्यटन के नक्शे से जोड़ा जा सकेगा।

### देरी और घटिया क्वालिटी पर मेयर पुष्यमित्र भार्गव सख्त

# लापरवाही बरतने पर सड़क निर्माण एजेंसी टर्मिमट के साथ ब्लैक लिस्टेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** वार्ड 61 में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही और देरी को लेकर मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान काफी नाराजगी जताई। उन्होंने मामले में सड़क निर्माण एजेंसी की गंभीर लापरवाही पर ठेकेदार को टर्मिनेट करने और ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित निगम अधिकारियों पर भी सख्त नाराजगी जाहिर की।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद भावना सुंदरलाल चौधरी, कार्यपालन यंत्री डीआर लोधी और रहवासी मौजूद रहे। मेयर ने कहा कि जिस सड़क को गाड़ी अड्डा से जोड़ने वाला मार्ग सालभर पहले



बन जाना चाहिए था वह आज भी अधूरा है। यह निगम अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने निर्देश दिए कि अधूरी सड़क का शेष निर्माण काम नए ठेकेदार द्वारा आगामी 15 दिनों में हर हाल में पूरा किया जाए। भविष्य में जो ठेकेदार गुणवत्ता और समय सीमा का पालन नहीं करेंगे उन्हें सीधे टर्मिनेट और ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। मेयर ने कहा कि अब काम में अनुशासन और जवाबदेही ही प्राथमिकता होगी। जनता के धन और धैर्य से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता।

# एक ही परिवार के चार लोगों ने की आत्महत्या

### ◆ दादी, पिता और दो बच्चों की मौत, मां मायके गई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के टीहर गांव में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली। यह दर्दनाक घटना शुक्रवार रात को घटी, घर की ऊपरी मंजिल पर रहने वाले भाई को उल्टियां करने की आवाज आई तो वह नीचे आए, इस दौरान उन्हें इसकी जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिवार ने ऐसा क्यों किया, अब तक इस बारे में जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

जानकारी के अनुसार, टीहर गांव के पास खेत में बने एक मकान में मनोहर लोधी (45), उनकी मां फूलरानी (70), बेटा अनिकेत और बेटी शिवानी (18) रह रहे थे। मनोहर की पत्नी कुछ दिनों पहले अपने मायके गई थीं। घर में मनोहर के अलावा दो बच्चे और दादी थीं। शुक्रवार रात को सभी को उल्टियां होनें लगीं।

### उद्योगपतियों ने किया प्रदर्शन

# निगम पर वसूली और जांच दलों की प्रताड़ना का लगाया आरोप




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों ने AICTSL कार्यालय के बाहर नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन नगर निगम कर्मचारियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से की जा रही औद्योगिक गतिविधियों में बाधा और व्यवसाय-विरोधी नीतियों के विरोध में किया गया।**

इस प्रदर्शन के दौरान 20 से अधिक औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने निगम आयुक्त शिवम वर्मा को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह संघर्ष केवल विरोध नहीं, बल्कि उद्योगों और व्यापार के स्वाभिमान की रक्षा का आह्वान है। उद्योगपतियों का आरोप है कि नगर निगम कर्मचारियों का अत्यधिक हस्तक्षेप उद्योगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। आए दिन वसूली और जांच दलों की प्रताड़ना से उद्योग जगत त्रस्त है। जब नोटिस की मांग की जाती है, तो मापन (नपती) करने पर आमादा हो जाते हैं और माल उतार रही गाड़ियों को बाहर निकालने लगते हैं। इससे औद्योगिक गतिविधियां बाधित हो रही हैं और उद्योगपति अब फैक्ट्री में बैठने से भी कतराने लगे हैं। AIIMP के अध्यक्ष योगेश मेहता ने बताया कि सभी औद्योगिक सेक्टर इस स्थिति से परेशान हैं। आज के प्रदर्शन में एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश, फेडरेशन ऑफ फार्मा आंत्रप्रेन्योर एमपी, एमपी स्मॉल ड्रग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, मध्यप्रदेश स्मॉल स्केल ड्रग मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन, इंडियन प्लास्टपैक फोरम, फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, प्लास्टिक रिप्रोसेस ग्रेन्यूल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, मालवा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, आयरन एंड स्टील री-रोलिंग मिल एसोसिएशन, पॉलीग्राउंड औद्योगिक संगठन, पालदा औद्योगिक संगठन, मध्य प्रदेश अगरबत्ती निर्माता संघ, मध्य प्रदेश आयुर्वेदिक मेडिसिन मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, पीथमपुर औद्योगिक संगठन, इंदौर होटलर्स एसोसिएशन, लोहा व्यापारी एसोसिएशन, इंदौर प्लास्टिक स्क्रैप एसोसिएशन, कंफेक्शनरी मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, रेडीमेड कॉम्प्लेक्स एसोसिएशन और एमपी कार्युगेटबॉक्स मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कांवड़ यात्रा के लिए कलेक्टर का बड़ा फैसला

# 6 से 9 बजे तक भारी वाहनों पर रोक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले के कलेक्टर आशीष सिंह ने खंडवा रोड पर भारी मालवाहन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह प्रतिबंध प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक प्रभावी रहेगा। श्रावण मास में कावड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। पूर्व में निर्धारित समय में संशोधन कर यह नया आदेश बुधवार से लागू कर दिया गया है।**

नए आदेश के अनुसार, अब इंदौर से खंडवा और खंडवा से इंदौर की ओर आने-जाने वाले ट्रक व अन्य भारी मालवाहक वाहन सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक खंडवा रोड पर नहीं चल सकेंगे। इन वाहनों को वैकल्पिक मार्ग के रूप में एबी रोड होते हुए सनावद की ओर डायवर्ट किया गया है। यह प्रतिबंध श्रावण मास के दौरान प्रभावशील रहेगा और केवल भारी मालवाहक वाहनों पर लागू होगा। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यात्री बसें, कारें, जीप, दोपहिया वाहन, दूध परिवहन वाहन, एलपीजी गैस सप्लाई, पानी टैंकर, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन तथा अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। इन सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए उन्हें छूट प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश का उद्देश्य श्रावण मास में कावड़ यात्रा का शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करना है। आदेश बुधवार से प्रभावी हो चुका है और इसका उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# नशे के खिलाफ 7100 लोगों की मानव श्रृंखला ने रचा इतिहास



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत इंदौर पुलिस को एक विशेष उपलब्धि हासिल हुई है। नशे के दुष्परिणामों के प्रति जनचेतना लाने हेतु चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत आज, 25 जुलाई 2025 को, इंदौर शहर में एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। इस श्रृंखला में विभिन्न स्कूल-कॉलेज, कोचिंग संस्थानों के छात्र-छात्राएं, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, ट्रैफिक वार्डन, महिलाओं और पुरुषों सहित कुल 7100 लोगों ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक आयोजन से इंदौर का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। मानव श्रृंखला का निर्माण भंवरकुआ चौराहे से लेकर पलासिया चौराहे तक किया गया। इस आयोजन की शुरुआत अति पुलिस आयुक्त अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन-04 ऋषिकेश मीणा ने की। कार्यक्रम में सहोदय ग्रुप से जुड़े प्रमुख स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ, नगर सुरक्षा समिति सदस्य, ट्रैफिक वार्डन, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने हाथों में जागरूकता संदेश वाली तख्तियां और पंपलेट्स लेकर नशे से दूर रहने का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। यह मानव श्रृंखला एक वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में दर्ज हुई, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन की टीम ने प्रमाणित किया। टीम की सदस्य अपूर्वा मेनन और भरत शर्मा ने इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रोविजनल सर्टिफिकेट सौंपा। यह आयोजन इंदौर पुलिस की नशा विरोधी प्रतिबद्धता और आमजन को जागरूक करने के प्रयासों का प्रतीक बन गया है। रिकॉर्ड मिलने के उपरांत पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने इस ऐतिहासिक अभियान में शामिल सभी विद्यार्थियों, नागरिकों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं बल्कि समाज को नशे के खिलाफ एकजुट करने का प्रयास है। समापन कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को पुलिस कमिश्नरेट इंदौर की ओर से प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह और अधिक बढ़ा।

# जन शिक्षण संस्थान इन्दौर द्वारा विश्व युवा कौशल सप्ताह का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा कौशल भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर जन शिक्षण संस्थानों को दि. 15 से 21 जुलाई, 2025 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।**

इसी तारतम्य में जन शिक्षण संस्थान इन्दौर द्वारा नन्दानगर मुख्यालय पर दि. 15 जुलाई, 2025 को विश्व युवा कौशल दिवस का मुख्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जन शिक्षण संस्थान के पूर्व निदेशक श्री दौलत सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

संस्थान के निदेशक आलोक कुमार मेहता ने बताया कि, 11 नवंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि, सम्पूर्ण विश्व के देशों में युवाओं के लिए शिक्षा के साथ ही कौशल विकसित हों, इसकी पहल सर्वप्रथम श्रीलंका ने की थी और जिसे सभी देशों ने मानते हुए यह घोषणा की कि, प्रतिवर्ष 15 जुलाई के दिन को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाया जावे। भारत सरकार द्वारा दि. 15 जुलाई 2015 को भारत में स्किल इंडिया मिशन की शुरूआत की गयी। इस वर्ष विश्व युवा कौशल दिवस की थीम ''एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण'' रखी गयी। दि. 16 जुलाई, 2025 को ''क्विज कांपिटिशन'' का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। क्विज काम्पीटिशन में सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को टी-शर्ट एवं बेग का पुरस्कार दिया गया। दि. 17 जुलाई, 2025 को आपकी मुस्कान जन जागृति समिति की डायरेक्टर श्रीमती शालिनी रमानी द्वारा ''एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति'' द्वारा शरीर के विशिष्ट बिन्दुओं पर दबाव डालकर दर्द और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत पाने के बारे में बताया एवं उन्हें एक्यूप्रेशर किट भी वितरित की गयी। दि. 18 जुलाई, 2025 को सेबी कंसलटेंट श्री बी.बी. शुक्ला द्वारा ''फाइनेंशियल लिटरेसी एवं बैंकिंग'' में वित्तीय साक्षरता द्वारा पैसे का प्रबंधन किस प्रकार किया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से बजट बनाना, बचत करना, निवेश करना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। दि. 19 जुलाई, 2025 को संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाये गये उत्पाद की प्रदर्शनी लगायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति श्री आशीष भार्गव एवं सहायक पोस्टर मास्टर नन्दानगर श्री विवेक शर्मा भी उपस्थित थे। दि. 21 जुलाई, 2025 को फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन इंडिया की इन्दौर ब्रांच की ब्रांच मेनेजर दीपमाला विश्वकर्मा के सहयोग से ''हेल्थ केम्प'' का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं दवाई भी वितरित की गयी। विश्व कौशल युवा सप्ताह के समापन अवसर पर दि. 22 जुलाई, 2025 को मुख्य आयोजन जन शिक्षण संस्थान मुख्यालय पर किया गया। संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण बुरड़े ने बताया कि, स्वतंत्रता के 100 वें वर्ष तक, भारत को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने में कौशल विकास मिशन का महत्वपूर्ण स्थान है। विश्व कौशल युवा सप्ताह में संस्थान के स्टॉफ श्री राहुल तिवारी, श्रीमती लता श्रोत्रिय, श्रीमती भारती नीमा, दुर्गा बोहरे एवं संस्थान के रिसोर्स पर्सन्स ने सहयोग किया।



# स्वच्छता के बाद इंदौर बना वेटलैंड सिटी

## रामसर साइट्स के आधार पर मिला अंतरराष्ट्रीय दर्जा

**इंदौर। स्वच्छता और स्मार्ट सिटी की तरह अब इंदौर ने एक और गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। इंदौर को वैश्विक स्तर पर वेटलैंड सिटी के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। यह दर्जा दुनिया की प्रतिष्ठित रामसर साइट सूची के आधार पर दिया गया है। इसका पुरस्कार शुक्रवार को जिम्बाब्वे के विक्टोरिया हॉल में आयोजित समारोह में डॉ. मोसिंदा मुंबा (जनरल सेक्रेटरी, कन्वेंशन ऑन वेटलैंड्स) द्वारा इंदौर को प्रदान किया गया। यह अवार्ड डॉ. सुजीत कुमार बाजपेयी (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी) ने लिया।**

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस उपलब्धि को शहरवासियों से साझा करते हुए कहा की मुझे यह बताते हुए गर्व है कि भारत के दो ही शहरों को यह गौरव प्राप्त हुआ है, और इंदौर उनमें से एक है। यह हमारे



लिए सम्मान की बात है कि संयुक्त राष्ट्र के रिकॉर्ड में भी अब इंदौर 'वेटलैंड सिटी' के रूप में दर्ज हो गया है। यह मान्यता सिरपुर और यशवंत सागर जैसे रामसर प्रमाणित वेटलैंड्स के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में इंदौर द्वारा किए गए प्रयासों का परिणाम है। महापौर ने आगे कहा की हम सभी मिलकर अपने इन प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए सतत प्रयास करते रहें और इंदौर को पर्यावरण के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाए रखें। यह उपलब्धि इंदौर को न सिर्फ भारत में, बल्कि वैश्विक मंच पर पर्यावरणीय जागरूकता और संरक्षण की मिसाल के रूप में स्थापित करती है। पर्यावरण की दृष्टि से इंदौर शहर देश और प्रदेश की स्वच्छतम शहरों में से एक तो था ही, साथ में देश का पहला वेटलैण्ड शहर होने का गौरव इंदौर को मिला। औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित इंदौर पर्यावरण के क्षेत्र में भी संतुलन बनाए हुए है। इंदौर में सिरपुर और यशवंत सागर को रामसर साइट को पूर्व में ही घोषित किया जा चुका है। यहां झीलों के संरक्षण, पर्यावरण सुधार और पक्षियों के लिए आदर्श आवास की स्थिति विकसित करने के साथ ही सिरपुर को बर्ड सैंक्च्युअरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। रामसर संधि, जिसे 'वेटलैंड्स पर हुई संधि' भी कहा जाता है। यह संधि वर्ष 1971 में ईरान के रामसर नामक स्थल पर विश्व के विभिन्न देशों ने हस्ताक्षरित की थी। इस प्रकार यह एक अंतर-सरकारी संधि है, जो आर्द्र भूमियों और उनके संसाधनों के संरक्षण के फ्रेमवर्क उपलब्ध करवाती। इन उपलब्ध मापदंड के अनुसार आर्द्र भूमि को संरक्षित करने सहायता प्राप्त होती है। इसी प्रकार वर्ष 2015 में रामसर कन्वेंशन के 12वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज में वेटलैण्ड सिटी को मान्यता देने के लिए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। वेटलैंड्स का संरक्षण करने के साथ शहरी विकास में भी उत्कृष्ट योगदान देने वाले शहरों को वेटलैण्ड शहर की मान्यता दी जाती है।

## मन्नतों से पाया तीन साल का मासूम बालकनी से गिरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्रप्र)

**इंदौर। आजाद नगर इलाके में गुरुवार को तीन साल का रियांश कासलीवाल खेलते-खेलते पहली मंजिल की बालकनी से नीचे गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद परिजन उसे लेकर इलाज के लिए तीन अलग-अलग अस्पतालों में दौड़ते रहे, लेकिन किसी ने उपचार नहीं किया। आखिरकार एमवाय अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

घटना शिवनगर मूसाखेड़ी की है। रियांश गुरुवार सुबह करीब 11 बजे बहन के साथ पहली मंजिल की बालकनी में खेल रहा था। इसी दौरान बहन कुछ देर के लिए अंदर चली गई। तभी रियांश का संतुलन बिगड़ा और वह



नीचे गिर गया। आसपास के लोगों ने जब देखा तो आवाज लगाई, जिसके बाद परिजन नीचे पहुंचे और घायल रियांश को अस्पताल लेकर भागे। रियांश के पिता अनिल कासलीवाल उसे लेकर पहले मेडीस्टर, फिर नोबल और एक अन्य निजी अस्पताल गए, लेकिन कहीं भी इलाज नहीं मिला। दोपहर 3 बजे जब एमवाय अस्पताल लाया गया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उपचार के दौरान रियांश ने दम तोड़ दिया। रियांश के पिता ट्रांसपोर्ट में काम करते हैं और कुछ समय पहले उनका एक्सीडेंट भी हो चुका है, जिसमें उनका पैर फ्रैक्चर हो गया था। परिवार ने शव का पोस्ट मार्टम कराने से इनकार किया है। हालांकि पुलिस ने हादसे की जांच के तहत शव को मर्चुरी में रखवाया है। शुक्रवार को पोस्ट मार्टम किया जाएगा। परिवार वालों का कहना है कि रियांश इकलौता बेटा था और मन्नतों के बाद हुआ था। उसकी मौत से पूरा परिवार टूट गया है। बच्चे के दादा-दादी गांव में रहते हैं और पोस्ट मार्टम के बाद शव को गांव ले जाया जाएगा।

## सोना चुराने वाले ड्राइवर की लोकेशन पता चली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्रप्र)

**इंदौर।** अहमदाबाद के व्यापारी धर्मेंद्र भाई का 4 करोड़ 80 लाख रुपए का सोना लेकर फरार हुए ड्राइवर मसरू रबारी की लोकेशन ट्रेस हो गई है। वह अहमदाबाद में छिपा हुआ है। फोन लोकेशन के आधार पर इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम गुजरात पहुंच गई है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। टीम जल्द ही उसे लेकर इंदौर लौटेगी।

ड्राइवर ने 17 दिन पहले वारदात की थी, जिसकी दो दिन पहले रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके बाद इंदौर क्राइम ब्रांच एक्टिव हुई और ड्राइवर के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लिया। इस बीच मसरू ने अपने रिश्तेदार से बात की, जिससे उनकी लोकेशन ट्रेस हो गई। संभावना जताई जा रही है कि मसरू बस से अहमदाबाद तक पहुंचा है। वह बनासकांठा गुजरात का रहने वाला है। सौरभ शेविंग कराने गया था पर वह शेविंग कराते हुए भी मसरू पर नजर रख रहा था। इस बीच सौरभ का ध्यान भटका और मसरू दोनों बैग उठाकर ऑटो में बैठा और फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ऑटो ड्राइवर तक पहुंच गई और उससे मसरू की आखिरी लोकेशन पूछ ली। इसके बाद सर्चिंग शुरू हो गई।

## दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चे घर आई गंगा है, सेवा की इस गंगा में नहाकर, उनकी सेवा से हम कृत कृतार्थ हो जाएंगे : कैलाश विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्रप्र)

**इंदौर।** दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चे उपहास या उपेक्षा के पात्र नहीं हैं वरन ये तो श्रावण में घर आई गंगा का स्वरूप हैं जो हमें अपने पापों से मुक्ति दिलाने का मार्ग हैं और इनकी सेवा ,संस्कार को स्वरूप देकर इन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य जो आपके द्वारा महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, मीसो द्वारा अनवरत रूप में किया जा रहा है, अद्भुत है।पूरे भारत में आठ सालों में 23 कैंप पूरे कर देवी अहिल्या की पावन नगरी में 24 वां शिविर लगाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

यह उद्दार महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा आयोजित दृष्टिबाधित बच्चों के पांच दिवसीय ,600 बच्चों के स्किल डेवलपमेंट शिविर में मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए , न गरिय प्रशासन ,आवास एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश जी ने व्यक्त किए।ऐसे विकट और दुरूह कार्य को इंदौर ने हाथ में लेकर ,बड़ा काम किया है। इंदौर का चैप्टर हुल्लास जी बताला और उनकी टीम के नेतृत्व में इसी भावना और लगन से कर रहा है जो इंदौर का मान ही बढ़ाएगा।आप सभी को




बधाईयां,शुभकामनाएं। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में चेतन कश्यप जी,उद्योग विभाग के कैबिनेट मंत्री के रूप में अतिथि रूप में मौजूद रहे और उन्होंने दिव्यांग बच्चों के रोजगार के लिए पक्की योजना बनाकर उसे कार्यशील करने का वचन दिया और कहा कि ऐसे बच्चों के सर्वांगीण विकास और मुख्य धारा में जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन करना और इनके प्रति समाज के नजरिए में बदलाव लाकर सबका विकास ,सबका विश्वास और सबका साथ के मूल मंत्र को केंद्र में रखकर योजना बनानी होगी।नए औद्योगिक परिसरों , क्लस्टर्स में इसके लिए योजना बनाई जाएगी और आयोजकों को इसमें शामिल कर व्यापक दृष्टि से सोच विचारकर ठोस कार्य ही समाज को नई दिशा देंगे। श्री काश्यप जी, पूर्व सांसद श्री पुष्प जी ,महामंत्री लोकेश कावड़िया, हुलास बेताला,अरुण कुमार जैन, श्री सुरेश जी और जयप्रकाश जी ने साथ बैठक ली और इस योजना पर मनन किया। पूर्व में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक गोलू शुक्ला जी ने पधारकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और समाज हित में इस प्रेरक कार्य में अपनी ओर से हरसंभव सहयोग की भावना व्यक्त की। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सभी का स्वागत करते हुए इंदौर की अतिथि देवो भव की परम्परा का निर्वाह करते हुए इन दिव्यांगों को स्वावलंबी बनाए जाने की परंपरा का प्रदेश में नूतन प्रयोग की शुरुआत इंदौर से किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। आभार अध्यक्ष हुलास जी बेताला ने व्यक्त करते हुए अपना सौभाग्य बताया कि इंदौर चैप्टर के गठन के साथ हमें बड़ी जिम्मेदारी मिली। उप वागत गीत दिव्यागजनों ने गाया और अंत में राष्ट्र गीत से कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी अतिथियों ने कार्यशाला का अवलोकन किया और कुछ उत्पाद खरीदे,बड़ी संख्या में जनता ने इस गरिमामई समारोह में भाग लिया और दिव्यानगजनों की हौसला अफजाई की।अतिथियों का स्वागत जितेंद्र चोपड़ा,प्रकाश जी भटेवरा, सुरेंद्र जी डाकलिया,अरुण कुमार जैन, जयप्रकाश लालवानी,अजय जैन,हंसमुख गांधी, सुनील बोतला, पीयूष जैन, सुभाष वन्यंक्या आदि ने माला, शाल, स्मृति चिन्ह से किया।

## नीट मामले में छात्रों की याचिका खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्रप्र)

**इंदौर। शहर में नीट परीक्षा के दौरान बिजली गुल होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में प्रभावित छात्रों की याचिका खारिज हो गई है। छात्रों ने फिर से परीक्षा करने कराने की मांग को लेकर याचिका लगाई थी। इससे पहले हाईकोर्ट ने भी फिर से परीक्षा कराए जाने की याचिका पर फैसला देते हुए कहा कि फिर से परीक्षा नहीं हो सकती है।**



हाईकोर्ट के इस फैसले को छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। याचिका पर सुनवाई करते हुए जजों ने कहा कि रि एक्जाम करने के लिए एनटीए का विशेषाधिकार है। फिर से परीक्षा कराने का आदेश पारित करना कोर्ट के हाथ में नहीं है। कोर्ट ने भी कहा कि जो छात्र काउंसलिंग के पात्र है, वे पंजीयन की प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। छात्रों की तरफ से उनके वकील ने पक्ष रखा था कि परीक्षा केंद्रों पर बिजली गुल हो गई थी और वैकल्पिक इंतजाम एनटीए ने नहीं किए थे। आपको बता दें इंदौर में नीट परीक्षा के दौरान तेज बारिश और आंधी चली थी। इस कारण कई छात्र ठीक से पर्चे नहीं दे पाए थे। इंदौर और उज्जैन के 75 छात्रों ने इस मामले में हाईकोर्ट ने याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने फिर से परीक्षा कराने को लेकर लगी याचिका पर सुनवाई कर फैसला दिया था कि फिर से परीक्षा नहीं कराई जा सकती है।

सहारा जमीन घोटाला

# भोपाल, सागर में संपत्तियां बेचने के मामले में EOW ने दर्ज की FIR, 72.82 करोड़ की हेराफेरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) ने सहारा समूह की कंपनियों और उनके शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के उल्लंघन और निवेशकों के 72.82 करोड़ की हेराफेरी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई तीन शिकायतकर्ताओंआशुतोष दीक्षित (मनु), दीपेन्द्र सिंह ठाकुर और हिमांशु पवैया की शिकायतों के आधार पर की गई है। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह को निर्देश दिए थे कि वह अचल संपत्तियां बेचकर प्राप्त राशि SEBI-Sahara Refund Account में जमा करे, जिससे निवेशकों की धनराशि लौटाई जा सके। लेकिन सहारा समूह ने आदेश की अवहेलना करते हुए यह राशि निजी और सहायक कंपनियों के खातों में ट्रांसफर कर दी। भोपाल और सागर में लगभग 210 एकड़ भूमि को औने-पौने दामों पर बेच दिया गया, जिससे लगभग 62.52 करोड़ की राशि प्राप्त हुई, लेकिन इसे सेबी के खाते में जमा नहीं किया गया। जबलपुर, कटनी और ग्वालियर में अवैध कटौतियों के जरिए 10.29 करोड़ का गबन भी सामने आया है।

### जमीनें कम कीमत पर बेचीं, आदेशों की खुली अवहेलना

जांच में यह भी सामने आया कि भोपाल में 110.10 एकड़ भूमि जिसकी अनुमानित कीमत 125 करोड़ थी, उसे मात्र 47.73 करोड़ में बेच दिया गया और पूरी राशि 'हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी' के खाते में डाल दी गई। सागर में 99.76 एकड़ भूमि 14.79 करोड़ में बेची गई, परंतु एक भी रुपया सेबी के खाते में नहीं गया। एक विक्रय विलेख में 1.61 करोड़ का चेक बाउंस होने के बावजूद भुगतान दिखाकर रजिस्ट्री कर दी गई, जबकि वास्तविक भुगतान दो साल बाद हुआ।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की बार-बार अनदेखी

5 दिसंबर 2012 को सुप्रीम कोर्ट ने सहारा को अचल संपत्तियां बेचकर प्राप्त राशि सीधे सेबी के खाते में जमा करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 4 जून 2014 को आदेश दिया गया कि संपत्तियां सर्कल रेट से कम पर नहीं बिकेंगी और खरीदार सहारा से जुड़ा नहीं होना चाहिए। वहीं, 2016 में, कोर्ट ने दोबारा कहा कि संपत्तियां सर्कल रेट की 90 प्रतिशत से कम कीमत पर नहीं बिकें और पूरी राशि टीडीएस व कर कटौती के बाद सीधे सेबी खाते में जाए। इन सभी आदेशों का खुला उल्लंघन किया गया।

### ◆ फर्जी तरीके से अधिकृत प्रतिनिधियों की नियुक्ति

ईओडब्ल्यू को यह भी पता चला कि संपत्ति विक्रय के लिए जिन प्रतिनिधियों को अधिकृत बताया गया, वे वास्तव में सहारा समूह के ही कर्मचारी थे। इनकी नियुक्ति सिर्फ दिखावे के लिए की गई और किसी बोर्ड बैठक में इनका अनुमोदन नहीं हुआ था।

### ◆ बड़े अधिकारियों की संलिप्तता, दर्ज हुई FIR

EOW की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि सहारा समूह ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए जानबूझकर करोड़ों रुपये की राशि का गबन किया। इसमें सहारा प्रमुख के पुत्र सीमांतो रॉय और कंपनी के पदाधिकारी ओपी श्रीवास्तव और जेबी रॉय की सीधे भूमिका पाई गई है। इनके खिलाफ IPC की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120-B (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### गरीब निवेशकों की मेहनत की कमाई का हरण

यह पैसा उन लाखों छोटे निवेशकों मजदूरों, किसानों और छोटे दुकानदारों का था, जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई सहारा में निवेश की थी। सहारा समूह ने इनकी राशि लौटाने के बजाय कानून की अनदेखी कर उसे निजी हितों में इस्तेमाल किया। अब EOW की विस्तृत जांच में और भी नाम सामने आने की संभावना है।

## मप्र में जल्द होंगी निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियां, क्षेत्रीय-सामाजिक संतुलन साधने की तैयारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में ओबीसी आयोग के अध्यक्ष पद पर रामकृष्ण कुसमारिया की नियुक्ति के बाद अब निगम-मंडल, बोर्ड, आयोग और प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को लेकर हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली से हरी झंडी मिलने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच संभावित नामों को लेकर विस्तृत चर्चा हो चुकी है। इन नामों की सूची तैयार कर अनुमोदन के लिए केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी गई है। अनुमति मिलते ही नियुक्तियों के आदेश जारी किए जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा नेतृत्व ने संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन और सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए नामों को अंतिम रूप दिया है। इसमें पूर्व मंत्री, संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद तथा विभिन्न जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रभावशाली चेहरों को शामिल किया गया है। फिलहाल राज्य में निगम-मंडल, बोर्ड और आयोगों के लगभग तीन दर्जन से अधिक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद रिक्त हैं, जिन्हें भरने के लिए यह कवायद की जा रही है।

### क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन पर फोकस

सरकार की मंशा है कि इन नियुक्तियों के माध्यम से सभी वर्गों और क्षेत्रों को उचित प्रतिनिधित्व मिले, जिससे आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में पार्टी को राजनीतिक लाभ मिल सके। बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव से पहले 45 निगम-मंडलों और बोर्डों में की गई पूर्ववर्ती नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। तब से अब तक इन संस्थाओं में कोई नई नियुक्ति नहीं हुई है।

## लेखापाल को शासकीय नौकरी से हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के लेखापाल ज्ञानेन्द्र शर्मा को वित्तीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप के कारण पद से हटा दिया गया है। विभागीय जाँच में यह तथ्य सामने आया है कि ज्ञानेन्द्र शर्मा ने लेखापाल के पद पर रहते हुए बिना सक्षम स्वीकृति और बिना अधिकृत भुगतान आदेश के डीडीओ की लॉगइन आईडी का दुरूपयोग कर भुगतान की कार्यवाही की थी। जांच में यह संपूर्ण प्रक्रिया वित्तीय नियमों के प्रतिकूल और धोखाधड़ी की श्रेणी में आती है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने लेखापाल ज्ञानेन्द्र शर्मा को पद से हटाने संबंधी आदेश जारी किये हैं। आयुक्त ने कहा है कि लेखा संबंधी कार्यों में यदि किसी व्यक्ति द्वारा वित्तीय अनियमितता की कार्यवाही की जाती है तो विभाग द्वारा उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक और इसी प्रकार की कार्रवाई की जायेगी।

# देहात एसपी हितिका हटी यांगचेन को जिम्मेदारी

## इंदौर में पदस्थ दो आईपीएस के तबादले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य शासन ने इंदौर देहात के पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण कर दिया है। गृह विभाग ने यहां पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ हितिका वासल के स्थान पर यांगचेन ढोलकर भूटिया को इंदौर देहात एसपी बनाया है। कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों और पुलिस महानिरीक्षकों के भी तबादले जल्द हो सकते हैं। गृह विभाग से जारी आदेश में 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी और सेनानी 15वीं वाहिनी एसएएफ इंदौर यांगचेन ढोलकर भूटिया की नई पदस्थापना इंदौर देहात पुलिस अधीक्षक के रूप में की गई है।



इसी के साथ 2017 बैच की आईपीएस अफसर और एसपी इंदौर देहात हितिका वासल को सेनानी 15वीं वाहिनी एसएएफ इंदौर पदस्थ किया है। जानकारी के मुताबिक जल्द ही एक दर्जन जिलों के पुलिस अधीक्षकों और डीआईजी के तबादले किए जा सकते हैं। इसमें से कई आईपीएस अधिकारी ऐसे हैं जो डीआईजी बन चुके हैं और एसपी का काम कर रहे हैं। कई आईपीएस अफसर 3 साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं या पूरा करने वाले हैं। इसलिए उन्हें भी हटाया जा सकता है। पुलिस अफसरों के अनुसार धार, अशोकनगर के एसपी जनवरी में डीआईजी बन चुके हैं। इन्हें रेंज में डीआईजी की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। वहीं होशंगाबाद, सतना समेत कई जिलों के पुलिस अधीक्षक तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के चलते बदले जा सकते हैं। यह सूची लंबे समय से प्रतीक्षित है और सीएम की हरी झंडी मिलते ही अफसरों के तबादले किए जाएंगे।

## फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कर मुक्त हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फीचर फिल्म "तन्वी द ग्रेट" को कर मुक्त करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में राज्य शासन ने फिल्म को मध्यप्रदेश में कर मुक्त करने के आदेश जारी किए है। फीचर फिल्म के मध्यप्रदेश में प्रदर्शन की अवधि 25 जुलाई से 23 अगस्त, 2025 तक के लिए मध्यप्रदेश मॉल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के अधीन स्टेट जीएसटी की संपूर्ण राशि की प्रतिपूर्ति करते हुए दर्शकों को छूट मिलेगी। फिल्म का निर्देशन मशहूर फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने किया है। हाल ही में प्रमोशन के दौरान अनुपम खेर सीएम से मिले थे। संबंधित सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स द्वारा स्टेट जीएसटी की राशि को घटाकर दर्शकों को इस फिल्म के टिकट का विक्रय किया जाएगा। इस सेवा प्रदाय पर देय एवं भुगतान किये गये राज्य जीएसटी के अंश के बराबर की राशि की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा सेवा प्रदाता को की जायेगी। फिल्म के प्रदर्शन के लिए संबंधित सिनेमाघरों मल्टीप्लेक्स के प्रचलित सामान्य प्रवेश शुल्क में वृद्धि नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि "तन्वी द ग्रेट" 21 वर्षीय तन्वी रैना की कहानी है, जो ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से जूझते हुए अपने शहीद पिता के सपने को पूरा करने के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का प्रयास करती है। इसकी संवेदनशील कहानी और सामाजिक संदेश को दर्शकों और समीक्षकों से व्यापक सराहना मिली है।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह को धमकी

**भोपाल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। 25 जुलाई को सुबह 9:10 बजे एक नंबर से उन्हें कॉल आया। फोन करने वाले शख्स ने कहा- गोविंद सिंह तू जल्दी मरने वाला है, तेरा घर भी तोड़ दिया जाएगा। इस धमकी भरे कॉल के बाद डॉ. गोविंद सिंह ने डीजीपी से लिखित शिकायत की है। बताया है कि एक जनप्रतिनिधि को इस तरह धमकी देना लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ है और प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। कॉलर की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाना चाहिए।

## संपादकीय

# छात्रों के जिंदगी बचाने के लिए बने सिस्टम

शिक्षा की मूल आत्मा ही विकृत हो गई है। इसकी वजह है कि छात्रों को एक दूसरे से आगे बढ़ने की अंधाधुंध दौड़ में धकेला जा रहा है। उन पर लगातार मनोवैज्ञानिक दबाव डाला जा रहा है। इसके परिणामस्वरुप आत्महत्या के मामलों की संख्या बढ़ रही है। यह बातें सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहीं। साथ ही शीर्ष अदालत ने कोचिंग सेंटरों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों को छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने संस्थानों को कई अहम निर्देश भी दिए। इनमें योग्य काउंसलर्स या मनोवैज्ञानिकों की नियुक्ति, शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर बैचों में विभाजन से बचना। साथ ही सर्टिफाइट मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स की तरफ से अपने कर्मचारियों को वर्ष में दो बार अनिवार्य रुप से ट्रेनिंग दिलाना भी शामिल है। एजुकेशन सिस्टम की उपलब्धि, स्थिति और आर्थिक सुरक्षा जैसे संकीर्ण रुप से परिभाषित लक्ष्यों वाली एक उच्च-दांव वाली दौड़ में तब्दील हो जाने पर दुख व्यक्त करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि विभिन्न कारणों से चरम कदम उठाने वाले छात्रों के जिंदगी बचाने के लिए एक सिस्टम बनाया जाना चाहिए। पीठ के लिए फैसला लिखने वाले जस्टिस मेहता ने कहा कि सीखने की खुशी की जगह रैंकिंग, नतीजों और लगातार प्रदर्शन के पैमानों को लेकर चिंता ने ले ली है। छात्र, खासकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र, अक्सर ऐसे जाल में फंस जाते हैं जहां जिज्ञासा की बजाय अनुरुपता, समझ की बजाय परिणाम और खुशहाली की बजाय सहनशीलता को तरजीह दी जाती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण की जरुरत है, जिसमें युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थी को मुक्त करना है, बोझ डालना नहीं। इसकी सच्ची सफलता ग्रेड या रैंकिंग में नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति के समग्र विकास में निहित है जो सम्मान, आत्मविश्वास और उद्देश्य के साथ जीवन जीने में सक्षम हो। कोर्ट ने यह आदेश एक आत्महत्या करने वाले मेडिकल छात्र के माता-पिता की तरफ से दायर याचिका पर पारित किया। साथ ही आंध्र प्रदेश पुलिस की तरफ से की गई जांच में खामियों को देखते हुए मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया। कोर्ट ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दो महीने के भीतर सभी प्राइवेट कोचिंग सेंटर्स के लिए रजिस्ट्रेशन, छात्र सुरक्षा मानदंड और शिकायत निवारण तंत्र अनिवार्य करने वाले नियम अधिसूचित करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, भारत में वर्ष 2022 में 1,70,924 आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए। इनमें से 7.6%, लगभग 13,044, छात्र आत्महत्याएं थीं।

# श्री कृष्ण माखन चोर

भगवान श्री कृष्ण बचपन में बहुत शरारती थे। कभी गोपियों की मटकी फोड़ दिया करते थे, तो कभी बछड़ों को गायों का पूरा दूध पिला देते थे। गोकुल की गोपियां चाहकर भी प्यारे-से श्री कृष्ण को डांट नहीं पाती थीं, क्योंकि वो इतने नटखट थे कि उनकी शरारतों को देखकर उन्हें दुलारने का मन करता था। कान्हा की ऐसी ही लीलाओं में से माखन चारी की थी।

यह तो सभी का मालूम है कन्हैया को मक्खन कितना पसंद था। माता यशोदा कृष्ण को जो मक्खन देती थीं, उससे उनका मन नहीं भरता था। इसलिए, मैया जहां भी मक्खन रखती कृष्ण चुपके से गांव के बच्चों के साथ आकर सारा मक्खन खा जाते थे।

ऐसा कई दिनों तक चलता रहा। जब मैया को कुछ समझ नहीं आया कि माखन कौन चुरा रहा है, तो उन्होंने एक दिन चुपके से मक्खन से भरे छोटे-छोटे घड़ों को रस्सी के सहारे ऊपर टांग दिया, लेकिन श्री कृष्ण की नजरों से क्या छुप सकता है, उन्होंने माता को मक्खन रखते हुए देख लिया।

अब समस्या यह थी कि मक्खन तक कैसे पहुंचा जाए। काफी सोचने के बाद उन्होंने सभी दोस्तों को इकट्ठा किया और बोले की सभी एक घेरा बनाओ और उसके ऊपर चढ़कर मक्खन निकाला जाएगा। इस तरह से वह उनके सारे दोस्त पूरा माखन चट कर गए।




इसके बाद मैया ने सोचा कि आज तो मैं पता करके ही रहूंगी कि आखिर मक्खन को कौन चुराकर ले जाता है। मक्खन को मटकी में रखकर ऊपर टांग दिया और छुपकर देखने लगीं। कुछ ही देर में कान्हा अपने दोस्तों के साथ वहां पहुंच गए। यह देखकर मैया को पूरी बात समझ में आ गई और जब सभी माखन चुराने लगे, तो तभी माता यशोदा पहुंच गईं। माता को देखते ही सभी बच्चे वहां से भाग गए, लेकिन श्री कृष्ण मटकी की रस्सी पकड़ कर झूल रहे थे।

माता ने आकर उन्हें नीचे उतारा और प्यार से डांटते हुए कहा कि अच्छा तो तुम हो वो माखन चोर, जिसने मुझे बहुत परेशान किया है। कृष्ण माता को देखकर हंसने लगे और बोले "मैया मैं नहीं माखन खायो।" इस पर माता बोली कि अपनी मैया से ही छूठ बोलते हो कृष्णा।

कन्हैया की भोली-सी सूरत देखकर और उसकी प्यारी-सी बात सुकर माता ने कृष्ण को अपने गले लगा लिया और बोलने लगीं मेरा प्यारा नटखट माखन चोर। बस तभी से श्री कृष्ण को प्यार से माखन चोर कहकर बुलाया जाने लगा।

## रंग भरो



Maharashtra

# सांवले रंग, खाना बनाने की आदतों पर तंज क्रूरता नहीं 27 साल पुराने केस में पति को हाई कोर्ट ने दी राहत

**मुंबई, (एजेंसी)** बॉम्बे हाई कोर्ट ने 27 साल पुराने केस में पति को राहत देते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि सांवले रंग और खाना बनाने की आदतों पर तंज कसना क्रूरता नहीं है। महाराष्ट्र के सतारा निवासी सदाशिव को पत्नी प्रेमा को आत्महत्या के लिए उकसाने और क्रूरता के मामले में सजा मिली थी। सेशन कोर्ट ने 1998 में पत्नी की मौत के बाद उसे दोषी माना था। इसके बाद पति सदाशिव रुपनवर ने उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। शादी के पांच साल बाद सदाशिव की पत्नी प्रेमा अपनी ससुराल से जनवरी 1998 में गायब हो गई थी। बाद में उसका शव कुएं से



बरामद हुआ था। प्रेमा के घरवालों की शिकायत पुलिस ने सदाशिव और उसके पिता पर केस दर्ज किया था। इन दोनों पर आरोप थे कि उनकी प्रताड़ना से तंग आकर प्रेमा ने अपनी जान दे दी। ट्रायल कोर्ट ने सदाशिव के पिता को छोड़ दिया, लेकिन उसे पत्नी पर क्रूरता के आरोप में एक साल और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पांच साल की सजा दी। उस वक्त सदाशिव 23 साल का था और चरवाहे का काम करता था। उसने उसी साल सजा के खिलाफ अपील की थी। केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस एसएम मोडक की सिंगल जज बेंच पाया किया कि उत्पीड़न के आरोप पति द्वारा अपनी पत्नी के काले रंग का मजाक उड़ाने और फिर से शादी करने की धमकी देने तक सीमित थे।

Hyderabad

## तू बेवफा है... बर्थडे पार्टी के बीच पति ने पत्नी को मार डाला; चाकू से उतारा मौत के घाट

**हैदराबाद, (एजेंसी) हैदराबाद में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां अब्दुलापुरमेट में एक व्यक्ति ने अपनी पूर्व पत्नी की चाकुओं से गोदकर हत्या कर डाली। यह घटना उसने एक पारिवारिक आयोजन के दौरान दी। इस दौरान वहां परिवार के रिश्तेदार और बच्चे भी मौजूद थे। अचानक हुई इस घटना से वहां पर हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर मौजूद रिश्तेदारों के मुताबिक हमला करते वक्त शख्स बार-बार अपनी पत्नी की बेवफाई की बात कर रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी एस श्रीनू मौके से फरार हो गया। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।**

जानकारी के मुताबिक आरोपी श्रीनू और समक्का की शादी हुई थी। कुछ समय पहले दोनों के बीच अलगाव हो चुका था। इसी बीच श्रीनू की भांजी राजेश्वरी की बेटी का जन्मदिन पड़ा। इसमें तमाम मेहमान आयोजित थे। राजेश्वरी ने इसके लिए श्रीनू और उसकी पूर्व पत्नी समक्का को भी बुलाया था। लेकिन उसे अंदाजा भी नहीं रहा होगा कि श्रीनू का आना उसको जिंदगी भर का दर्द दे जाएगा। घटना से पार्टी में मौजूद मेहमान भी हक्के-बक्के रह गए। वहां मौजूद बच्चों का तो बुरा हाल हो गया। अब्दुल्लापुरमेट के इंस्पेक्टर वी अशोक रेड्डी ने बताया कि मामले में राजेश्वरी ने अपने मामा श्रीनू के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

केक कटिंग से ठीक पहले शाम करीब 7.15 बजे श्रीनू पार्टी में पहुंचा। उस दौरान उसकी पूर्व पत्नी समक्का वहीं थी और मोबाइल से पार्टी का वीडियो बना रही थी। अचानक से श्रीनू ने चाकू निकाला और समक्का की गर्दन पर तीन बार हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमला करते वक्त श्रीनू चिल्ला-चिल्लाकर समक्का के गलत संबंधों की बात कर रहा था।

Bihar

## ड्राइवर और टेक्नीशियन ने एंबुलेंस में महिला से किया रेप... होमगार्ड भर्ती की दौड़ में बेहोश हो गई थी पीड़िता

**गया, (एजेंसी)** बिहार के गया जिले में बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है. यहां होमगार्ड भर्ती की दौड़ में एक महिला बेहोश हो गई. इसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल भेजने के लिए एंबुलेंस को कॉल किया गया. एंबुलेंस मौके पर आई और महिला को अस्पताल ले गई. इस दौरान रास्ते में एंबुलेंस के ड्राइवर और टेक्नीशियन ने महिला के साथ रेप किया. जब ये मामला सामने आया तो हड़कंप मच गया. पुलिस ने एंबुलेंस ड्राइवर और टेक्नीशियन को अरेस्ट कर लिया है. दरअसल, यह घटना गुरुवार की है. यहां बोधगया क्षेत्र के बीएमपी 3 परेड ग्राउंड में होमगार्ड भर्ती चल रही है. इसके लिए पहुंची एक महिला दौड़ में शामिल होने आई थी. जब रेस हो रही थी, उसी दौरान महिला अभ्यर्थी बेहोश होकर गिर गई. आनन-फानन में घटनास्थल पर तैनात एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. शुक्रवार को एसएसपी आनंद कुमार ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि पीड़िता ने घटना की जानकारी दी. सूचना मिलने के 2 घंटे के अंदर एंबुलेंस चालक विनय कुमार और टेक्नीशियन अजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया.

Maharashtra

## मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस कंट्रोल रूम को आए लगातार तीन कॉल, जांच शुरू

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक के बाद एक तीन अलग-अलग नंबरों से आए धमकी भरे कॉल ने शुक्रवार को हड़कंप मचा दिया. कॉलर ने दावा किया कि मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बम रखा है और कुछ ही देर में जोरदार धमाका होने वाला है.

इस कॉल के बाद मुंबई पुलिस तुरंत अलर्ट हो गई और एयरपोर्ट पर पुलिस अधिकारियों के साथ बम स्क्वॉड की टीम भी पहुंच गई. घंटों तक चले सघन तलाशी अभियान के बाद भी कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ.

पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, अज्ञात कॉलर ने मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर बम विस्फोट होने की धमकी दी थी. सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस के आला अधिकारी और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच



गए. एयरपोर्ट के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई, लेकिन पुलिस को कोई भी ऐसी चीज नहीं मिली जिससे बम होने की पुष्टि हो सके.

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये धमकी भरे कॉल असम और पश्चिम बंगाल सीमा के पास सक्रिय मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करके किए गए थे. मुंबई की आजाद मैदान पुलिस ने अज्ञात कॉलर के खिलाफ जांच शुरू कर दी है.

# रूट की शतकीय पारी से इंग्लैंड ने कसा भारत पर शिकंजा, बढ़त 186 रन की, गेंदबाजों ने किया निराश

**मैनचेस्टर(एजेंसी) इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 186 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शुक्रवार का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में सात विकेट 544 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के समय बेन स्टोक्स 77 और क्रिस वोक्स चार रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 10 विकेट पर 358 रन बनाए थे।**



भारतीय गेंदबाजों के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाज मुसीबत बने रहे। दिन का खेल 225/2 के स्कोर से शुरू हुआ था। ओली पोप 42 गेंदों में 20 और जो रूट 27 गेंदों में 11 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे और भारत 133 रन पीछे था। पहले सत्र में रूट और पोप ने 135 रनों की साझेदारी की और 332 रन बनाए। इसके बाद दूसरे सत्र में भारत को दिन की पहली सफलता मिली। वाशिंगटन सुंदर ने ओली पोप को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराया। वह 71 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए जो रूट के साथ 231 गेंदों में 144 रनों की साझेदारी निभाई। इंग्लैंड को चौथा झटका वाशिंगटन सुंदर ने ही दिया। उन्होंने हैरी ब्रूक को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ तीन रन बना पाए।

इसके बाद बल्लेबाजी के लिए कप्तान बेन स्टोक्स ने जो रूट के साथ मोर्चा संभाला और भारत के 358 रन की बराबरी कर ली। इस दौरान जो रूट ने 178 गेंदों में भारत के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का 38वां शतक पूरा किया। वह 14 गेंदों में 150 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें रवींद्र जडेजा ने अपना शिकार बनाया। रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के नाम इस प्रारूप में 13378 रन दर्ज हैं। रूट ने अब उन्हें पीछे छोड़ दिया है। उनके नाम 13379* रन दर्ज हो गए हैं। लाल गेंद प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है। उन्होंने 329 पारियों में 15921 रन बनाए।

### रिटायर्ड हर्ट होकर लौटे स्टोक्स, फिर बल्लेबाजी के लिए आए

इंग्लैंड की पारी के दौरान बेन स्टोक्स रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। उन्हें बाएं पैर में क्रैम्प की शिकायत हुई, लेकिन कुछ समय बाद वह मैदान पर लौट आए। वह 134 गेंदों में छह चौके मदद से 77 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। इस दौरान जैमी स्मिथ ने नौ और क्रिस वोक्स ने चार रन बनाए। वहीं, लियाम डॉसन 52 गेंदों में दो चौके की मदद से 21 रन बनाकर मौजूद हैं। भारत के लिए रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने दो-दो विकेट झटके जबकि जसप्रीत बुमराह, अंशुल कंबोज और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली।

## थिएटर में 'सैयारा' देखने पहुंच गए बाबाजी, शो के बाद गिनाए इस फिल्म को देखने के फायदे




मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' को बॉक्स ऑफिस पर काफी क्रेजी रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म रिलीज के बाद से ही कमाल कर रही है और अभी तक वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। आए दिन फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान रिकॉर्ड किए गए अतरंगी वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। कोई हाथ में ड्रिप लगाए फिल्म देखने पहुंच जा रहा है तो कोई फूट-फूटकर रोने लग रहा है। अब एक ताजा वीडियो में एक बाबाजी यह फिल्म देखने के बाद इसके बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते दिखाई पड़ रहे हैं। भगवा कपड़े पहने बाबाजी फ्रंट रो में बैठकर फिल्म देखते नजर आते हैं और फिर दूसरे ही सीन में बाबाजी इस फिल्म के फायदे गिनाते दिख रहे हैं। बाबाजी ने कहा, "आज मैं 'सैयारा' मूवी देखने के इसलिए आया हुआ हूं। आप लोग सोच रहे होंगे कि बाबा होकर 'सैयारा' मूवी देखने आया है। लेकिन मैं मूवी के माध्यम से आप लोगों को प्रेम समझाने के लिए आया हूं। ताकि आप प्रेम समझ पाए। क्योंकि आज की पीढ़ी 4-4 अफेयर रखती है, इस युग में यह फिल्म आना बहुत जरूरी था। ताकि इसको देखकर प्रेम का पता चल सके।"

## Highlights

1. **Puja Khedkar's non-creamy layer OBC certificate cancelled**
2. **Voter list revision to happen nationwide, announces ECI**
3. **PM Modi shook my hands, not going to wash them now: Woman in UK**
4. **Kamal Haasan makes Parliament debut, takes oath as Rajya Sabha MP in Tamil**
5. **PM Modi arrives in Maldives, receives warm welcome by President Muizzu**

# Small screens and big ambitions shape new Android flagships

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian

An intriguing shift is underway in India's smartphone market, underlined by a new generation of flagship phones. These are smaller in size, and while sporting similarly premium price tags, better ergonomics work in their favour. Smartphone makers Xiaomi, OnePlus, Vivo, as well as Apple and Samsung, now sell powerful phones with screen sizes that are either 6.3-inches or smaller.

Yet, there are layers to this — overcoming challenges posed by smaller dimensions, sustaining consumer interest, and making compact phones more affordable.

In recent years, 6.7-inch and thereabouts screen sizes became the norm for flagships. This evolution now puts the widest selection of smaller phones, for buyers to choose from. The Vivo X200 FE, which went on sale this week, finds competition from the Xiaomi 15, OnePlus 13s, as well as Samsung's Galaxy S25 and the iPhone 16e.



Current market prices peg these between ₹50,000 and ₹80,000.

"Compact flagships are gaining priority in India as users often face challenges with large-screen smartphones, such as difficulty operating them with one hand and maintaining a secure grip, raising chances of accidental drops. This has made one-handed usability a key consideration for many consumers," Tarun Pathak, Research Director at Counterpoint Research, tells HT.

Their latest study reveals 74% of young professionals based in India, have a preference for compact smartphones.

# Can a higher ethanol blend negatively impact petrol prices?

**NEW DEIHI, (Agency).** Having achieved its 20% ethanol blending targets five years prior to its deadline, it's safe to say that biofuel is to play a key role in the central government's plan to reduce crude oil dependence. It's a win-win for both the government and the agricultural sector, which can now utilise excess sugar for ethanol production.

With the exception of Delhi, petrol prices range between ₹100 - ₹104.2 per litre. Earlier this year, the per-litre price of ethanol increased by ₹1.69, bringing the total ex-mill cost of ethanol produced for the purposes of blending with petrol to ₹57.97. Given that ethanol is a little over half the price of petrol, the 20% blend, which was achieved earlier this year, should theoretically be accompanied by a marginal drop in petrol prices. In 2021, a 20% blend was projected to reduce petrol prices by ₹8/litre, according to a report by CNBC TV18. That hasn't turned out to be the case. In India, retail fuel prices are determined by international crude oil prices and the existing tax structure imposed by states via excise and VAT. While there has been no major fluctuation in VAT in the last couple of years, excise duty did go up in April, although the cost was not passed on to the customers, according to a report by Reuters. However, the benefit of the lower cost of production of ethanol has also not been passed down to the customers. In fact, it has indirectly added to the running cost of a petrol vehicle as ethanol burns much faster than petrol and isn't as energy efficient.






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक